# उ0प्र0 शासन की पत्र संख्या 7314/14–3–1980/82 वन अनुभाग –3, दिनांक – 31–12–1984 द्वारा निर्धारित मानक शर्तें

1. भूमि हस्तान्तरण के बाद भी उसके वैधानिक स्तर में कोई परिवर्तन नही होगा और वह पूर्व की भॉति रक्षित/आरक्षित वन भूमि बनी रहेगी।
2. प्रश्नगत भूमि का उपयोग केवल कथित प्रयोजन हेतु ही किया जायेगा, अन्य प्रयोजन हेतु कदापि नही।
3. याचक विभाग प्रस्तावित भूमि अथवा उसके किसी भी भाग को अन्य विभाग, संस्था अथवा व्यक्ति विशेष को हस्तान्तरित नही करेगा।
4. भूमि का संयुक्त निरीक्षण करके सुनिश्चित कर लिया गया है कि मॉगी गई भूमि न्यूनतम भूमि है तथा इसके अतिरिक्त कोई अन्य वैकल्पिक भूमि उपलब्ध नही है।
5. हस्तान्तरित विभाग, उसके कर्मचारी, अधिकारी अथवा ठेकेदार वन भूमि को किसी प्रकार की क्षति नही पहुँचायेंगे और ऐसा किये जाने पर सम्बंधित अधिकारी द्वारा निर्धारित मुआवजे का भुगतान उक्त विभाग को करना होगा।
6. भूमि का सीमांकन याचक विभाग अपने व्यय से सम्बंधित वनाधिकारी की देख–रेख में कराये तथा इस सम्बंध में बनाये गये मुनारे आदि की भी देखभाल करेगा।
7. हस्तान्तरित वन भूमि पर वन विभाग के कर्मचारियों एवं अधिकारियों को निरीक्षण हेतु जाने पर हस्तान्तरित विभाग को कोई आपत्ति नही होगी।
8. बहुमूल्य वन सम्पदा से आच्छादित एवं वन जन्तुओं से भरपूर वन क्षेत्रों का हस्तान्तरण यथा सम्भव प्रस्तावित न किया जाय। केवल अपरिहार्य कारणों से ही ऐसा किया जाना संभव होगा, परन्तु प्रतिबन्ध यह होगा कि वन सम्पदा की क्षति को एवं वन जन्तुओं के स्वच्छन्द विचरण की व्यवस्था सुनिश्चित करने के बाद ही भूमि हस्तान्तरित की जायेगी।
9. सिंचाई विभाग/जल निगम द्वारा वन विभाग की नर्सरियों/पौधों को एवं वन विभाग के कर्मचारियों को निःशुल्क जल सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी।
10. याचक विभाग द्वारा हस्तान्तरित भूमि का उपयोग अन्य प्रयोजन करने पर वन भूमि स्वतः बिना किसी प्रकार के प्रतिकर का भुगतान किये वन विभाग को वापस हो जायेगी।
11. सड़क निर्माण के प्रस्तावों पर ''एलांइनमेन्ट'' तय होते समय स्थानीय वन विभाग का परामर्श ''भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण/लोक निर्माण विभाग द्वारा प्राप्त किया जायेगा, तथा इस सम्बंध में प्रमुख अभियन्ता, ''भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अतिरिक्त मुख्य अभियन्ता पर्वतीय क्षेत्र पौड़ी को सम्बोधित पत्र संख्या 608/सी दिनांक 10.02.82 में निहित आदेश का पालन भी ''भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण'' /लोक निर्माण विभाग द्वारा ही किया जायेगा, अश्व मार्ग बनाना अथवा वन मार्गो का मामूली फेर – बदल कर पक्का करना होगा, बशर्ते ऐसा करना याचक विभाग के खर्चे से पर्याप्त न होगा और नई सड़क का निर्माण ही आवश्यक है।
12. वन भूमि का मूल्य सम्बंधित जिलाधिकारी द्वारा प्रदत्त मूल्य सम्बंधी प्रमाण पत्र के आधार पर आंकलित होगा जो याचक विभाग को मान्य होगा।
13. वन भूमि पर खड़े वृक्षों का निस्तारण वन विभाग द्वारा उत्तर प्रदेश वन विभाग अथवा अन्य कोई उपयुक्त प्रक्रिया जो वन विभाग उचित समझें द्वारा किया जायेगा। यदि किसी कारण से वृक्षों का

उप प्रभागीय वनाधिकारी
लखनऊ

उप प्रभागीय वनाधिकारी
मोहनलाल गंज
अवध वन प्रभाग, लखनऊ

प्रभागीय वनाधिकारी
अवध वन प्रभाग
21/475, इन्दिरानगर,लखनऊ

अमित जैन/AMIT JAIN
मुख्य प्रबन्धक (परियोजना)/Chief Manager (Projects)
आईएचबी लिमिटेड/IHB Private Limited
केन्द्रीय निर्माण कार्यालय/Central Construction Office
द्वारा–इन्डियन ऑयल कारपोरेशन लिमिटेड
C/o Indian Oil Corporation Limited
इंडियन ऑयल भवन, सेक्टर–एफ
Indian Oil Building, Sector-F
कपूरथला, अलीगंज, लखनऊ–(उ0प्र0) 226024
Kapoorthala, Aliganj, Lucknow-(U.P.) 226024

90

निस्तारण वन विभाग द्वारा सम्भव न हो सके और उनका पातन आवश्यक हो तो याचक विभाग द्वारा वृक्षों को बाजार भाव मूल्य देय होगा।

14. हस्तान्तरित भूमि में पड़ने वाले वृक्षों के प्रतिकर में याचक विभाग द्वारा हस्तान्तरित भूमि के समतुल्य वृक्षारोपण का भुगतान अथवा एक पेड़ के स्थान पर दस पेड़ों का रोपण तथा तीन वर्ष तक परिपोषण व्यय जो भी वन विभाग द्वारा निर्धारित किया जाये, का भुगतान वन विभाग को करना होगा। 100 मीटर एवं 30 से अधिक ढाल पर खड़े वृक्षों का पातन कार्य निषिद्ध है। इसी प्रकार बीच के पेड़ों का पातन भी वर्जित है। ऐसे वृक्षों के पातन का निरीक्षण वन संरक्षक स्तर पर ही हो
15. वन भूमि से ऊपर से विधुत लाइन ले जाने में यथा सम्भव पेड़ों का कटान नही किया जायेगा या खम्भों को ऊँचा कर उसे सुनिश्चित किया जायेगा। यदि फिर भी पेड़ों का कटान अनिवार्य प्रतीत होता है, तो न्यूनतम पेड़ों की संख्या संयुक्त स्थल निरीक्षण करके सम्बन्धित उप वन संरक्षक द्वारा निश्चित की जायेगी। जिस पर सम्बन्धित वन संरक्षक का अनुमोदन आवश्यक है।
16. यदि नहर आदि निर्माण भू – क्षरण की सम्भावना होती है और नहर की दोनों पटरियों को पक्का करना आवश्यक समझा जाता है तो ऐसा याचक अपने व्यय से करेगा।
17. उक्त लिखित मानक शर्तो के अतिरिक्त यदि भारत सरकार द्वारा अथवा वन विभाग द्वारा किसी विशिष्ठ प्रकरण में कोई अन्य शर्त दर्शायी जाती है तो वे याचक विभाग को मान्य होगी।
18. वन भूमि का वास्तविक स्थानान्तरण तभी किया जायेगा, जब उक्त शर्तो का पालन कर दिया जाये अथवा उसका उचित स्तर से आश्वासन प्राप्त हो।

मैं अमित जैन प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता आई0एच0बी0प्रा0लि0, केन्द्रीय निर्माण कार्यालय, प्रथम तल, विश्वशील कॉम्पलेक्स, बी–2/6, विभूति खण्ड, गोमती नगर लखनऊ–226010, उत्तर प्रदेश प्रमाणित करता हूँ कि उपरोक्त उल्लिखित सभी शर्ते मान्य है तथा उनका अनुपालन किया जायेगा।

**प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता**

अमित जैन/AMIT JAIN
मुख्य प्रबन्धक (परियोजना)/Chief Manager (Projects)
आईएचबी लिमिटेड/IHB Private Limited
केन्द्रीय निर्माण कार्यालय/Central Construction Office
द्वारा–इन्डियन ऑयल कारपोरेशन लिमिटेड
C/o Indian Oil Corporation Limited
इंडियन ऑयल भवन, सेक्टर–एफ
Indian Oil Building, Sector-F
कपूरथला, अलीगंज, लखनऊ–(उ0प्र0) 226024
Kapoorthala, Aliganj, Lucknow-(U.P.) 226024

प्रति हस्ताक्षरित

उप प्रभागीय वनाधिकारी
लखनऊ

उप प्रभागीय वनाधिकारी
मोहनलाल गंज
अवध वन प्रभाग, लखनऊ

प्रभागीय वनाधिकारी
अवध वन प्रभाग
21/475, इन्दिरानगर, लखनऊ